nt>

Title: Need to supply additional gas to Ramgarh Power Project and also reactivate oil wells in Jaisalmer in Rajasthan- Laid.

**कर्नल सोना राम चौधरी (बाड़मेर) :** अध्यक्ष महोदय, जनवरी, 1996 से रामगढ़ पॉवर प्रोजेक्टर में 35.5 मेगावाट की एक गैस टर्बाइन चालू है। सी.ई.ए. द्वारा फर वरी, 2001 के दौरान इस प्रोजेक्ट को 35.5 मेगावाट की एक और गैस टर्बाइन देने के लिए सी.ई.ए ने फरवरी, 2001 में आर्थिक-तकनीकी स्वीकृति दे दी थी, जिससे इस प्रोजेक्ट को 15 साल और 5 लाख एस.सी.एम.जी गैस सप्लाई करनी होगी।

जैसलमेर जिले के कई वायबल गैस कुएं पिछले साल सीमा पर तनाव के चलते बंद कर दिये गये थे या उन पर काम बंद कर दिया गया था। इसके अलावा हाल में बाड़मेर-जैसलमेर-जालौर बेल्ट में भी तेल व गैस के भारी भंडार मिले हैं। रामगढ़ पॉवर प्रोजेक्ट की अतिरिक्त जरूरत को पूरा करने के लिये भारतीय और विदेशी कंपनियों को तेल खोज के लिये और ब्लाक सौंपे जा सकते हैं।

अतः मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी से अनुरोध है कि गेल को रामगढ़ विस्तार परियोजना को 15 साल तक 5 लाख एस.सी.एम.डी गैस सप्लाई करने, गेल द्वारा जैसलमेर जिले में मौजूद तेल कुओं को चालू करने और पश्चिमी राजस्थान की गैस की अतिरिक्त जरूरत को पूरा करने के लिये और तेल कुयें खोजने के लिये निर्देश जारी किये जायें।

गेल, ऑयल इंडिया और दूसरी विदेशी कंपनियों को गुडामलानी क्षेत्र में और ब्लाक सौंपे जायें, और

कच्चे तेल की जांच और शोधन के लिए बाड़मेर में तेल शोधक स्थापित किये जायें।